तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 23 जुलाई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



4 ऑफिसर्स कॉलोनी में यूकेलिप्टस पेड़ों की अवैध कटाई की...





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


# चुनचुना पुंदाग से पुलिस ने बरामद की तीन भरमार बंदूक, बाकी की तलाश

## जंगल में छिपाकर रखे गये थे दो हथियार, एक ग्रामीण के घर से मिला, सर्च अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के सामरीपाठ क्षेत्र में भरमार बन्दूक मिलने का सिलसिला जारी है। दो दिनों के अभियान में पुलिस ने तीन भरमार बंदूक को अति संवेदनशील क्षेत्रों से बरामद किया है जबकि अभी भी जंगल के अन्दर कई अन्य हथियारों के छिपाए जाने की बात सामने आई है जिसके बाद पुलिस का सर्च अभियान जारी है। टीम ने जिन तीन भरमार बन्दूकों को बरामद किया है उनमें से दो लावारिश पड़े हुए थे जबकि एक हथियार को ग्रामीण के घर से बरामद किया गया है लेकिन फिलहाल वह आरोपी ही फरार चल रहा है। दो दिनों में तीन भरमार मिलने की पुष्टि एसपी ने की है लेकिन बड़ी बात यही है कि इन ग्रामीणों को इतने बड़े पैमाने पर भरमार बन्दूक उपलब्ध कौन करा रहा है।

बता दें कि बलरामपुर जिले का सामरी पाठ नक्सल दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है। वर्षों तक इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधियां चलती रही। अभी भी सामरी के बूढापहाड़ के आगे झारखंड क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी बनी रहती है। इन सब के बीच सामरीपाठ क्षेत्र में जंगलों में भरमार बंदूक मिलने का सिलसिला जारी है। क्षेत्र में आए दिन भरमार बंदूक के साथ या तो लोग गिरफ्तार हो रहे है या फिर जंगलों में लावारिश हालत में हथियार बरामद हो रहे है। इसी कड़ी में 21 व 22 जुलाई को चलाए सर्च अभियान में बलरामपुर जिले की सामरीपाठ पुलिस टीम ने कुल 3 भरमार बंदूक बरामद किया है। हथियार पूर्व में नक्सल गतिविधियों का केंद्र रहे चुनचुना-पुन्दाग क्षेत्र से बरामद किए गए है। इनमें से दो भरमार जंगल में झाड़ियों के पीछे छिपाए गए थे जबकि एक भरमार ग्रामीण के ठिकाने से बरामद किया गया है। हालांकि दोनों ही मामलों में किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिस ग्रामीण के घर से हथियार बरामद किया गया है वह फरार चल रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि अभी भी जंगल में सर्च अभियान चलाया जा रहा है और मुखबिर से मिली सूचना के बाद और भी हथियार बरामद हो सकते है।

### शिकार के लिए हो रहा उपयोग

कुसमी और सामरीपाठ क्षेत्र में भरमार बंदूकों का उपयोग अवैध शिकार के लिए किए जाने की बात कही जा रही है। ग्रामीण बड़े पैमाने पर जंगल में अवैध रूप से शिकार कर रहे है और शिकार के बाद पकड़े जाने के डर से हथियारों को जंगल में ही छिपाकर घर जाते है। पुलिस द्वारा इसके पूर्व पुलिस ने पीपरढाब, शंकरगढ़, जोकापाठ सहित अन्य क्षेत्रों से कई भरमार हथियार बरामद किए है और इन मामलों में गिरफ्तार आरोपियों ने भरमार का उपयोग अवैध शिकार के लिए करने की बात स्वीकार की थी। चिंता की बात यह है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के पास हथियार आखिर कैसे पहुंच रहा है।



### चल रहा है सर्च अभियान

हमने फिलहाल तीन भरमार बंदूक बरामद किए है। सामरीपाठ के चुनचुना-पुंदाग क्षेत्र में सर्च जारी है। उम्मीद है कि और भी हथियार मिलेंगे। लोग शिकार के लिए इन हथियारों का उपयोग कर रहे है। हम इस मामले की गहराई से जांच करेंगे।

-वैभव बैंकर रमनलाल
एसपी



दुर्घटनाग्रस्त टैंकर से डीजल लूटते लोग।

# डीजल लोड टैंकर पलटा, डीजल लूटने ग्रामीणों की मची होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/पोड़ीमोड़

प्रतापपुर-अंबिकापुर हाईवे बनारस मार्ग पोड़ी मोड के समीप 45 हजार लीटर डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे हड़कंप मच गया। इधर डीजल से भरे टैंकर पलटने की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और लोगों में डीजल लूटने की होड़ मच गई।

जानकारी के अनुसार टैंकर वाहन क्रमांक आरजे 14 2428 का चालक आजमनगर निवासी लाल साय यादव (30 वर्ष)मुगलसराय से झारसुगुड़ा लखनपुर माइंस डीजल लेकर जा रहा था। जैसे चालक टैंकर लेकर प्रतापपुर-अंबिकापुर हाईवे बनारस मार्ग पोड़ी मोड़ के समीप पहुंचा तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटने की सूचना मिलते ही पौड़ी मोड सहित आसपास गांव लोगों सहित बड़ी संख्या में राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए। राहगीर सहित क्षेत्र के लोगों ने आनन फानन में थाली, गिलास, लोटा, बाल्टी, ड्रम, प्लास्टिक थैली लेकर पलटे हुए टैंकर के पास में पहुंचकर डीजल लूटने लगे। लोगो की भीड़ व डीजल लूटने की मची होड़ से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। डीजल लूट करने वालों में बेसब्री और बहुत ही खतरनाक ढंग से विवाद करते हुए डीजल लूटने लगे। आपस में लड़ने लगे टंकी का ढक्कन खोलने के कारण डीजल भी सड़क में पानी की तरह बहने लगा। महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े, जवान तथा आने जाने वाले राहगीर, बस, ट्रक, ट्रैक्टर जिसने पाया उसने डीजल को लूट कर चलते बने। इधर घटना की जानकारी लगते ही एएसआई हरिशंकर तिवारी, बजरंगी, प्रधान आरक्षक विनोद परीडा, नौशाद , अपील, प्रकाश साहू सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुचे। पुलिस के पहुंचने तक डीजल की लूट एवं लोगों में मारपीट की स्थिति बन गई। माहौल इतना बिगड़ गया था कि हर कोई डीजल लेने के लिए कुछ भी कर सकता था। गांव के एक-एक व्यक्ति ने कोई 50 लीटर 100 लीटर 200 लीटर 300 लीटर डीजल भर भर कर ले गए। इधर सड़क पर बह रहे डीजल को छानने लगे। कुछ ही घंटे में टैंकर में भरे 45 हजार डीजल पानी की तरह सड़क पर बह गया। पुलिस सुरक्षित करने के उद्देश्य से लोगों को हटाना प्रारंभ किया तो ग्रामीण पुलिस से उलझ गए। जिस तरह से डीजल सड़क पर बह रहा था उससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। छोटी सी चिंगारी लगने से बड़ी आगजनी की घटना होने के साथ कई लोग आग की चपेट में आ सकते थे।

■ कुछ घंटे के भीतर टैंकर से खाली हो गया 45 हजार डीजल

# श्रावण मास में निकली भव्य कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

श्रावण मास की पावनता और शिवभक्ति से ओतप्रोत चिरमिरी क्षेत्र में श्रीबजरंग सेना द्वारा परंपरागत भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

हल्दीबाड़ी के बगन्नाच्चा से प्रारंभ होकर गोदरीपारा हनुमान मंदिर तक लगभग 15 किमी लंबी इस पदयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोषों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी इस यात्रा में कांवर लेकर सम्मिलित हुए। उनके हाथ में त्रिशूल, डमरू, कंधे पर भगवा अंगवस्त्र और शिवभजनों की मधुर धुन पर रूद्र नृत्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंत्री ने औपचारिकताओं से दूर रहकर आम श्रद्धालुओं की तरह पूरे मार्ग में कांवर यात्रा की और शिवभक्त स्वरूप का जीवंत प्रदर्शन किया। कांवड़ यात्रा में पुरूषों के साथ काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। शिवभक्ति की एकजुटता के साथ श्रद्धालुओं ने कठिन सफर को सरल भक्ति में बदल दिया। यात्रा के अंत में गोदरीपारा स्थित हनुमान मंदिर में कांवरियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। श्रीबजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश चंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि यह यात्रा पिछले 9 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है और इसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग और सहभागिता मिलता है।

**खास बात**

■ मंत्री श्याम बिहारी ने निभाया शिवभक्त का रूप



# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने जीते 4 गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरगुजा के 4 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल करने के साथ ही नेशनल ताइक्वांडो में अपनी जगह बनाई है।

बता दें कि प्रदेश के बालोद में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 18 से 20 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता में कोच अमन गुप्ता के साथ हर्षित अंबष्ट, केशव अग्रवाल, प्रियांशु पांडे, प्रगति सिंह पैंकरा, प्रिया मलाकार, श्रृष्टि साहु, पीयूष कठोतिया शामिल हुए। प्रतियोगिता में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए चार मेडल हासिल किए है जिसमें हर्षित अंबष्ट, केशव अग्रवाल, पीयूष कठोतिया, प्रियांशु पांडे ने गोल्ड मेडल जीता है। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरगुजा जिले के कोच सावित्री तिवारी, अंजली सिंह, वसी ओवैसी, सराफत और संरक्षक संजय अम्बष्ट ने बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा मंदिर में कलशयात्रा भागवत कथा कल से

**अम्बिकापुर।** गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में 24 जुलाई से भागवत कथा एवं पार्थिव रूद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। 24 जुलाई को सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा शाम 4 बजे संगीतमय भागवत कथा होगी। सावन के तीसरे सोमवार को पार्थिव रूद्राभिषेक किया जाएगा। संगीतमय भागवत कथा की प्रस्तुति व्यास स्वामी वेदप्रकाशाचार्य देंगे। भागवत कथा का समापन 30 जुलाई को किया जाएगा।

### रक्षाबंधन के लिए डाकघर लगा रहा पीली पत्र पेटी

**अम्बिकापुर।** प्रधान डाकघर अम्बिकापुर, उपडाकघर बैकुंठपुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर में राखी मेल्स के लिए विशेष पीली पत्र पेटियां 14 जुलाई से 10 अगस्त तक के लिए लगाई जा रही है। अम्बिकापुर में प्रधान डाकघर के सामने, जयस्तंभ चौक, कलेक्ट्रेट गेट पर पीली पत्र पेटियां स्थापित की जा रही है। इसी तरह उपडाकघर बैकुंठपुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर डाकघर के समक्ष पीली पत्र पेटियों की स्थापना की जा रही है। डाकघर अधीक्षक ने पीली पत्र पेटियों का उपयोग राखी मेल्स के लिए करने को कहा है। इन पत्र पेटियों से प्राप्त डाक का निपटान तत्काल एवं सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपने राखी पत्रों को निर्धारित पीली पत्र पेटियों में डालने, राखी पत्र अधिक मात्रा में होने पर सीधे डाकघरों के काउंटर में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है डाकघर द्वारा राखी मेल स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजने की सुविधा काउंटर पर उपलब्ध कराई गई है।

### विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों की अंतिम चयन सूची प्रकाशित

**अम्बिकापुर।** स्वास्थ्य सेवाएं के संभागीय संयुक्त संचालक ने बताया है कि सरगुज़ा सम्भाग के अधीन संस्थाओं में पुरूष पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत कर्मचारियों, सहायक ग्रेड-3, सहायक ग्रेड-2 संवर्गीय-लेखापाल पद पर कार्यरत कर्मचारियों तथा एमपीएचडब्ल्यू पुरूष/वरिष्ठ सेनेटेरियन/फिजियोथैरेपी टेक्निशीयन के पद पर कार्यरत कर्मचारियों की 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में अंतिम चयन सूची एवं अंतिम प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया गया है। भर्ती नियमों में निहित प्रावधानों के तहत विभिन्न संवर्गों की विभागीय पदोन्नति किये जाने हेतु आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय के पश्चात अन्तिम चयन सूची व प्रतिक्षा सूची पर दावा आपत्ति का अवलोकन कर अन्तिम चयन एवं अन्तिम प्रतिक्षा सूची पर अपना हस्ताक्षर कर सूची जारी किया गया है।

### रजत जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर विकाखण्ड, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, टाईमलाईन एवं कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार किया जाना है।

# कांग्रेस की नाकेबंदी, किया चक्काजाम-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध और लगातार हो रही विद्युत दरों में वृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। आर्थिक नाकेबंदी के तहत कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बनारस स्टेट हाइवे पर बीटीआई के सामने चक्का जाम किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई।

आर्थिक नाकेबंदी और चक्काजाम के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार, ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार पर हमला बोला। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि भाजपा पूरे राज्य में यह भ्रम फैला रही है कि किसी व्यक्ति को लेकर यह आर्थिक नाकेबंदी की गई है जो कि पूर्णतः गलत है। जिस प्रकार से आज सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लेकर सरकार पर टिप्पणी की है राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता के लिए ईडी का इस्तेमाल कर रही है वो संवैधानिक व्यवस्था और नागरिक हितों के विपरीत है। ऐसे में हमें खडा होना पडेगा। ऐसे प्रजातांत्रिक आंदोलन से हमें लोगों को संदेश देना है कि हम भले विपक्ष में हैं लेकिन नागरिकों के हित के विरोध में हो रहे कार्य के लिये हमें खड़ा होना है। हम आज ये आर्थिक नाकेबंदी तमनार के उन ग्रामीणों के लिये भी कर रहे हैं, जिनके निवास क्षेत्र में उनके इच्छा के विपरीत, बिना उनकी सहमति लिये बलात वन क्षेत्रों को उजाड़ दिया गया। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि जब जुल्म और ज्यादती होती है तो उसका विरोध होता है। जब से भाजपा की सरकार आयी है प्रदेश में खनिज संसाधनों की लूट हो रही है। हरे भरे जंगलों को काटा जा रहा है। नई ईस्ट इंडिया कंपनी है जो कि माइनिंग के जरिये छत्तीसगढ़ की राजनीति में कब्जा जमा रही है। जो उसके खिलाफ बोल रहा है अब उसके परिवार को भी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग से कांग्रेस का सांकेतिक चक्काजाम सफल रहा। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी सांकेतिक था। हमने ऐसे स्थल का चयन किया जिससे आम नागरिकों को तकलीफ न हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ के अस्मिता को बचाने के लिये हमें खडा होना पडेगा। वो छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को उनके निवास क्षेत्र से बेदखल कर छत्तीसगढ़ के संसाधनों पर कब्जा जमा रहा है जिसमें केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार उन्हें सहयोग कर रही है। इस दौरान अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, डॉ. अजय तिर्की, शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, गुरुप्रीत बाबरा, श्रीमती मधु सिंह, हेमंत सिंह, विनय शर्मा, बलराम यादव, अमित सिंहदेव, राजीव सिंह, अनीमा केरकेट्टा, सीमा सोनी, इंद्रजीत सिंह धंजल, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अटल यादव, नारद गुप्ता, रसीद अहमद, लोकेश कुमार, अमित तिवारी राजा, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल सहित बडी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



### मालवाहकों को लक्ष्य कर चक्काजाम

जिला कांग्रेस कमेटी ने चक्का जाम के लिये बनारस रोड का चयन किया था। यह मार्ग उत्तर भारत को छत्तीसगढ़ से जोड़ता है। इस अन्तर्राज्यीय मार्ग पर बड़ी संख्या में मालवाहक वाहनों का आवागमन है। जिला कांग्रेस कमेटी ने इन्हें लक्ष्य कर चक्काजाम स्थल का चयन किया था। चक्काजाम से एम्बुलेंस और स्कूली वाहनों को छूट थी। चक्का जाम के दौरान 3 एम्बुलेंस और 1 स्कूली वैन को मार्ग दिया गया। जिस स्थान पर चक्का जाम किया गया था उसके आसपास स्थानीय नागरिकों के आवागमन के लिये कई वैकल्पिक मार्ग होने के कारण आम नागरिकों को भी चक्का जाम से असुविधा नहीं हुई।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

**खबर संक्षेप**

### व्यापारियों को आज मिलेंगे 5000 तक के सिक्के

**बैकुण्ठपुर।** स्थानीय व्यापारियों को बाजार में सिक्कों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक शाखा बैकुंठपुर एवं छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला इकाई कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में सिक्का वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक एसबीआई शाखा परिसर बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रत्येक व्यापारी को 5000 रूपए तक के सिक्के वितरित किए जाएंगे। इनमें 5, 10 एवं 20 मूल्य वर्ग के सिक्के शामिल होंगे। बैंक प्रबंधन का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक व्यापारियों को सिक्कों की उपलब्धता कराई जाए, ताकि बाजार में छोटे लेन-देन में आने वाली समस्याओं का समाधान हो सके और सिक्कों का प्रचलन बढ़े। चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला इकाई बैकुंठपुर ने सभी व्यापारी साथियों से अपील की है कि वे निश्चित समय पर एसबीआई शाखा पहुंचकर इस पहल का लाभ उठाएं और अपने व्यापारिक लेन-देन को सरल बनाएं।

### पीडीएस दुकान निरस्त फिर से होंगे आवंटित

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका शिवपुर-चरचा अंतर्गत स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान बांधपारा (सरडी), आईडी क्रमांक 531005011, जिसे पूर्व में आवंटित एजेंसी द्वारा अनियमितता बरतने के कारण निरस्त किया गया है, अब पुनः आवंटन के लिए उपलब्ध है। इसी प्रकार नगर पालिका बैकुंठपुर अंतर्गत एक नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान हर्रापारा, भट्ठीपारा बैकुंठपुर(शहरी) का भी प्रथम बार आवंटन किया जाना है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार इन दोनों दुकानों के संचालन के लिए महिला स्व-सहायता समूहों तथा उपभोक्ता सहकारी समितियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समय में से 6 अगस्त तक कलेक्टर कार्यालय, खाद्य शाखा में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### जिपं ने 64 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने 64 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### प्रयास एवं राष्ट्रीय खोज परीक्षा में 4 विद्यार्थी चयनित

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श



रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर से 2024-25 में आयोजित राष्ट्रीय खोज परीक्षा में 8 विद्यार्थियों और प्रयास परीक्षा में 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों के नाम राजकमल सिंह, प्रियांशु, दिलेश्वर सिंह, संतोष कुजूर, अनोहर सिंह, अजय सागर, संदीप कुमार, अमृत है। छात्रों के चयन परीक्षा में शिक्षक उमेश सूर्यवंशी, विक्रम वर्मा, सोमेश्वर दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**स्वच्छता दीदियों का सम्मान समारोह**

# सफाई कर्मियों की बदौलत चिरमिरी को मिली राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी नगर निगम द्वारा 21 जुलाई को मालवीय नगर स्थित मंगल भवन में स्वच्छता दीदियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में नगर निगम मेयर, पार्षदगण, एमआईसी सदस्य और भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने भाग लिया।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से शुरू हुए स्वच्छ भारत मिशन ने देश की सोच और स्वच्छता के स्तर को बदला है। उन्होंने मंच से कहा कि जिन दीदियों के परिश्रम से आज चिरमिरी देश के टॉप 100 शहरों में 60 वें स्थान पर है, वे सच्ची सम्मान की पात्र हैं। दीदियों को मुख्य अतिथि के हाथों श्रीफल, प्रमाण पत्र और वर्षा से बचाव के लिए छाता भेंट किया गया। कार्यक्रम



स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने स्वच्छता दीदियों का किया सम्मान।

की शुरूआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम में उपस्थित मेयर रामनरेश राय, आयुक्त आरपी आंचला, सभापति संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका जायसवाल, महिला मंडल पदाधिकारी व नगर निगम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**सफाई कर्मियों का अहम रोल**

मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंच से कहा कि अगर नगर निगमों को सम्मान मिलता है तो उसका असली श्रेय उन सफाई कर्मियों को जाता है, जिनकी मेहनत से शहर साफ-सुथरा बनता है। स्वच्छता रैंकिंग में देशभर के 60 वें स्थान पर पहुंचे चिरमिरी नगर निगम को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया गया। मंत्री ने कहा कि पीएम ने स्वच्छ भारत का जो सपना देखा, उसे धरातल पर उतारने में सफाई दीदियों व भाइयों का अमूल्य योगदान है। पहले झाड़ू लगाना शर्म की बात मानी जाती थी, पर आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्वच्छता अभियान जन-आंदोलन बन गया है। अब लोग स्वेच्छा से सफाई करते हैं और सोशल मीडिया में झाड़ू के साथ सेल्फी डालते हैं।



पुल के एप्रोच सड़क पर हुआ मरम्मत कार्य।

# नवनिर्मित गेज पुल पर बने जानलेवा गड्ढे सुधारे गए

**बैकुण्ठपुर।** शहर की जीवनदायनी गेज नदी पर बने करोड़ों के नवनिर्मित पुल का एप्रोच सड़क पर कई दिनों से जानलेवा गड्ढे बने हुए थे, जनहित के इस मुद्दे को दैनिक हरिभूमि ने रविवार 20 जुलाई के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के दिन ही प्रशासन अपने संज्ञान में लिया और दूसरे दिन सोमवार को पुल के एप्रोज सड़क के जानलेवा गड्ढे का मरम्मत करा दिया।

उल्लेखनीय है कि शहर क्षेत्र में प्रवाहित गेज नदी पर करोड़ों खर्च कर नए पुल का निर्माण कार्य कराया गया था,जिसका शुभारंभ होने के बाद पहली बरसात में ही पुल के आखिरी हिस्से में जहां से एप्रोच सड़क शुरू होता है, वहां बीते कई दिनों से गड्ढे बन गए थे, इसके मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण दिन बीतने के साथ ही गड्ढे का आकार बड़ा होता गया। इसके चलते पुल से आवागमन करने पर लोगों को जानलेवा गड्ढे का सामना करना



नवनिर्मित पुल पर जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

पड़ता। धीरे-धीरे गड्ढे बडे हो गए तो पुल से आवागमन करने पर लोगों को दुर्घटना होने की संभावना हमेशा ही बनी रहती थी। सूत्रों के अनुसार एप्रोच सड़क के गड्ढ़े के कारण कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके। हरिभूमि ने जनहित को ध्यान में रखते हुए रविवार के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसी दिन प्रशासन खबर को संज्ञान में लिया और दूसरे दिन सोमवार को पुल के एप्रोच सड़क के गड्ढ़े का मरम्मत कार्य करा दिया।, इससे अब आवागमन बिना किसी संभावित खतरे के अबाध गति से चालू हो गया है।

# प्रतिभा सम्मान में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

प्रतिभा सम्मान योजना के तहत राष्टीय प्रारंभिक परीक्षा जनवरी 2024-25 में आयोजित की गई थी। इसमें कोरिया जिले से शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में भाग लिया था। प्रतिभा सम्मान योजना के अंतर्गत चित्रकला, निबंध और शोध प्रतियोगिता का आयोजन उनकी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिवर्ष, विगत 10 वर्षों से किया जा रहा है।



इस वर्ष पीएसवाय मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा में जिले के 3 छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा के घोषित परिणाम अनुसार कोरिया से शामिल हुए समस्त प्रतिभागियों में केवल तीन विद्यार्थियों जो कि एपेक्स पब्लिक स्कूल छिन्दडांड बैकुंठपुर के छात्र हैं। इनमें अभिज्ञान प्रकाश, निधि रजवाड़े एवं कृषा अग्रवाल ने राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया, जोकि विद्यालय परिवार एवं बच्चों के माता-पिता एवं परिजन के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। कोरिया से केवल तीन विद्यार्थी ही अगले स्तर की परीक्षा के लिए चयनित हुए हैं। इन तीनों चयनित विद्यार्थियों को कमिश्नर कार्यालय अंबिकापुर में 21 जुलाई को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभिज्ञान प्रकाश एवं निधि राजवाड़े को रजत पदक एवं कृषा अग्रवाल को कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर कमिश्नर सरगुजा संभाग नरेन्द्र दुग्गा के द्वारा सम्मानित किया गया।

# चैतन्य को बचाने कांग्रेस कर रही सड़कों पर प्रदर्शन: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक बार फिर भाजपा के निशाने पर हैं। मंगलवार को विश्रामगृह बैकुंठपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

मुख्य वक्ता भाजपा नेता बाबूलाल अग्रवाल ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने अपने पुत्र चैतन्य बघेल को बचाने के लिए पूरी पार्टी को सड़कों पर उतार दिया है, जबकि चैतन्य का कांग्रेस में कोई पद ही नहीं है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस इस समय पुत्र मोह में फंसी हुई है और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए जनता का समय और पैसा बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस

- विश्रामगृह में भाजपा नेता की प्रेसवार्ता



शासनकाल में छग को दस जनपथ का चारागाह बना दिया गया था और राज्य के संसाधनों की जमकर लूट हुई। ईडी की चार्जशीट का हवाला देते हुए बाबूलाल अग्रवाल ने दावा किया कि शराब घोटाले के मास्टर माइंड अनवर ढेबर के नेटवर्क से चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रूपए की राशि कैश में मिली थी, जिसे रियल एस्टेट कंपनियों में निवेश किया गया। इस पूरे मामले पर उन्होंने भूपेश बघेल की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए कि क्या उन्हें इस लेन-देन की जानकारी थी या उन्होंने जानबूझकर इस भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह तो सिर्फ ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। एक के बाद एक कांग्रेस शासन के घोटालों की परतें खुल रही हैं और आरोपी जेल भेजे जा रहे हैं। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा नेता कपिल जायसवाल, शशि तिवारी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष भानू पाल, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, पार्षद अवधेश सिंह उपस्थित रहे।

### 33 पंचायतों के शैक्षणिक रिकार्ड नहीं सौपे गए

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षक संघ तहसील पोड़ी बचरा के अध्यक्ष -उपाध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन जिला अधिकारी एमसीबी को सौंपकर तहसील पोड़ी बचरा में शामिल 33 ग्राम पंचायतों में संचालित शैक्षणिक संस्थाओं एवं शिक्षकों के रिकार्ड जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया को अतिशीघ्र भेजने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक संघ तहसील पोड़ी बचरा के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि विकासखंड पुर्नगठन संबंधित छग राजपत्र प्राधिकार से प्रकाशित के परिपालन में विकासखंड खड़गवां के तहसील पोड़ी बचरा के 33 ग्राम पंचायतों में संचालित अन्य समस्त विभागों का हस्तांतरण विकासखंड़ बैकुंठपुर जिला कोरिया में हो गया है, जबकि शिक्षा विभाग के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के हस्तांतरण के लिए संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छग द्वारा 30 अप्रैल को निर्देशित किए जाने पर भी हस्तांतरित नहीं किए जाने की स्थिति में संघ द्वारा ज्ञापन 15 मई के माध्यम से स्मरण कराया गया।

# कुमार चौक के पास कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र की भाजपा सरकार प्रवर्तन निदेशालय ईडी को अपना राजनीतिक हथियार बना रही है। इसका कांग्रेस पार्टी खुलकर विरोध करती है और आगे भी करती रहेगी। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने चक्काजाम के दौरान कही।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-43 कुमार चौक के पास चक्का जाम आंदोलन किया गया, इससे पूर्व कांगे्रस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता की उपस्थिति में राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय के समक्ष आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई गई। आमसभा में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। प्रवर्तन

**जमकर की नारेबाजी आमसभा में बरसे नेता**

निदेशालय (ईडी) का उपयोग विपक्षी दलों को डराने और दबाने के लिए किया जा रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी केन्द्र सरकार को इस दुरूपयोग पर फटकार लगाई, जो इस बात का प्रमाण है कि भाजपा शासन में जांच एजेंसियों को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि देश के प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल और जमीन को कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। आम जनता पर लगातार महंगाई और बिजली दरों में वृद्धि का बोझ डाला जा रहा है। ऐसे माहौल में कांग्रेस पार्टी आम जनता की आवाज को बुलंद कर रही है और हर जनविरोधी फैसले का पुरजोर विरोध करती रहेगी। इस पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, आदि शामिल थे। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, मुख्तार अहमद, शैलेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, अनिल जायसवाल, विक्रांत सिंह, अंकित गुप्ता, वेदांति तिवारी, संगीता राजवाड़े, अन्नपूर्णा सिंह, लालमुनी यादव, संजोति मरकाम, आशीष डबरे, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, रियाजुद्दीन, गुलाब चौधरी, लव प्रताप, प्रवीण भट्टाचार्य, साहेब सिंह काकू, अर्पित गुप्ता, विकास श्रीवास्तव, अशद इरफान, मोनू माझी विपुल शुक्ला सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# खरपतवार के बीच छिप गया है हैण्डपंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को लेकर आवा पानी झोंकी अभियान से लोगों में जल संरक्षण को लेकर जन जागरूगता लाने का प्रयास किया जा रहा है, इसके तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण भी किया जाना है, लेकिन कई जगहों पर जल स्त्रोत अपने हाल पर पडे हुए हैं। देख-रेख के अभाव में जल स्त्रोत का उपयोग सही तरीके से नहीं हो पा रहा है।



इसी तरह का हाल जिले के जलक्रांति अभियान ग्राम कटगोड़ी में देखने को मिला। यहां के अटल चौक के पास स्थित एक सार्वजनिक हैडपंप झाड़ियों में ढंक गया है। कटगोड़ी के मुख्य सड़क किनारे स्थित हैंडपंप सड़क से गुजरने के दौरान आसानी से नहीं दिखाई देगा, क्योंकि वह झाड़ियों में ढंक गया है, जिस जगह पर सार्वजनिक हैंडपंप स्थित है, उसके चारों ओर गाजर घास उग आए हैं। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण सार्वजनिक हैंडपंप उपेक्षित पड़ा है, जिस जगह पर हैंडपंप स्थित है, उस स्थल के चारों ओर साफ -सफाई करा दी जाती है तो राहगीरों व आस-पास के लोगों के लिए पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

### एनएच 43 पर कलेक्टर कार्यालय भवन का हो निर्माण

**बरबसपुर।** मनेन्द्रगढ़ को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग अब साकार हो चुकी है, लेकिन कलेक्टर कार्यालय भवन के स्थान को लेकर एक बार फिर असमंजस और जनचर्चा का माहौल बन गया है। इस विषय पर पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता अखिलेश शर्मा ने अपनी स्पष्ट राय रखते हुए कहा कि कलेक्टर कार्यालय का भवन यदि राष्टीय राजमार्ग एनएच-43 (इमली गोलाई) के पास निर्मित होता है तो वह सभी के लिए अधिक सुविधाजनक और व्यावहारिक होगा। श्री शर्मा ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ को जिला बनाए जाने की लड़ाई लंबे समय से जारी थी।

# मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में लज्या अशोक कुमार अलंग स्मृति सम्मान समारोह 2025 गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह वार्षिक सम्मान समारोह शिक्षाविद् स्व. अशोक कुमार अलंग एवं स्व. लज्या अलंग की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जाता है, जिनका शिक्षा जगत में अनुकरणीय योगदान रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य उमाशंकर शुक्ला उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री शुक्ला ने स्व. अलंग दंपत्ति के शिक्षावादी दृष्टिकोण और समाज सेवा की भावना को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से लें




**बैकुण्ठपुर।** साप्ताहिक जनदर्शन में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आमजन की समस्याओं, शिकायतों और मांगों से जुड़े एक-एक आवेदन का गंभीरता से अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनदर्शन केवल आवेदन लेने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान का उत्तरदायी मंच है। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और किसी भी पीड़ित को न्याय के लिए भटकना न पड़े और यही सुशासन उद्देश्य भी है। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान के साथ-साथ उनकी प्रगति और निराकरण की सूचना आवेदकों को देना भी जरूरी है।
























## खबर संक्षेप



### अंतर्राज्यीय अपराध पर नियंत्रण लगाने ली गई बोर्डर मीटिंग

**अम्बिकापुर।** आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के साथ अवैध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से बोर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में पड़ोसी राज्य यूपी, एमपी व झारखंड के अधिकारी भी शामिल हुए। बता दें कि एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर 21 जुलाई को एसडीओपी वाड्रफनगर राम अवतार ध्रुव की अध्यक्षता में बलरामपुर जिले से लगे सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड के पुलिस अधिकारियों के साथ बार्डर मीटिंग रेस्ट हाउस वाड्रफनगर की गई। पड़ोसी राज्य एमपी बैढ़न थाना के चौकी प्रभारी डोभा उनि नीरज चौहान, यूपी थाना प्रभारी बभनी निरीक्षक कमलेश पॉल, झारखंड के थाना प्रभारी ढुर्की उनि जनार्दन, सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान वारंट तामिली, अवैध गांजा, अवैध शराब, अवैध रेत परिवहन एवं मवेशी तस्करी में संलिप्त आरोपियों धर पकड़, अपराध की रोकथाम एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में सीमावर्ती राज्य होने से एक राज्य के आरोपी के दूसरे राज्य में आकर छिपने का काम करते हैं, जिनकी पतासाजी हेतु एक-दूसरे का सहयोग करने संबंधी चर्चा भी की गई। मीटिंग में संयुक्त रूप से एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया जिससे जानकारी एक दूसरे से साझा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद मिल सके। बार्डर मीटिंग में अन्य कई विभिन्न विषयों विस्तृत चर्चा की गई।

### विधायक की मौजूदगी में शुरू हुआ एनएच पर गड्ढे भरने का काम



**राजपुर।** नगर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच 343 की जर्जर सड़क पर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। विधायक के निर्देश के बाद एनएच विभाग व ठेकेदारों ने गड्ढों को भरने का काम शुरू कराया गया है। इस दौरान मरम्मत कार्य का विधायक ने निरीक्षण किया और अधिकारियों से चर्चा की। बता दें कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। जर्जर सड़क पर बने गड्ढों के कारण आवागमन मुश्किल हो गया था। इस दौरान आलम यह है कि कई यात्री बसें चलनी ही बंद हो गई है और लोग जर्जर सड़क पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। 110 किमी सड़क के निर्माण का टेंडर हो चुका है और ठेकेदार भी आ चुके है लेकिन समय रहते बारिश से पहले के पैच रिपेयरिंग का कार्य नहीं कराया गया जिससे यह स्थिति बनी हुई है। ऐसे में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा विभाग के अधिकारी व ठेकेदारों से बात कर सड़क के मरम्मत हेतु चर्चा की थी। एनएच विभाग द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को विभाग द्वारा बरियों, राजपुर गेउर नदी पुल के पास ठेकेदार ने सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मौजूदगी में सड़क के मरम्मतीकरण का काम शुरू कराया है। सड़क की समस्या को लेकर अधिकारियों व ठेकेदार से चर्चा की गई थी जिसके बाद यह काम शुरू हुआ है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री व पूर्व जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता, बरियो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, ओम प्रकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### मो.खलील खान



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहम्मद खलील खान का 81 वर्ष की आयु में हृदय गति रुक जाने से सोमवार की शाम लगभग 3 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे 3 लड़का एवं 1 लड़की सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। आज नगर के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। वे शिक्षक यूनुस खान के पिता थे। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पखवाड़े भर से मशीन खराब, जांच कराने भटक रहे मरीज

# मरीजों को नहीं मिल रहा एक्स-रे सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध हो तथा समय पर मरीज का उपचार हो सके इसके मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों की सुविधा के लिए भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स रे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे मरीजों को लाभ मिल सके लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही व टेक्नीशियन के मनमानी रवैया के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। आलम यह है कि एकस रे मशीन पिछले एक पखवाड़े से खराब पड़ी है लेकिन मरम्मत कराने किसी ने सुध लेना भी मुनासिब नहीं समझा जिसका खामियाजा अस्पताल आने वाले मरीजों को न सिर्फ भुगतना पड़ रहा है बल्कि एक्स रे कराने दर दर भटक रहे है।

**खास बात**

- निजी संस्था व जिला चिकित्सालय में कराते है एक्स-रे

भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। हर रोज बड़ी संख्या में आसपास गांव के लोग उपचार सहित जांच कराने अस्पताल आते है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों की भीड़ होने तथा एक्स-रे जैसे सुविधा नहीं होने पर लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर साल 2018 में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन स्थापित की गई। अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध हो जाने पर क्षेत्र के लोगों को बेहतर जांच व उपचार की आस जगी। लोगों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब एक्स-रे मशीन की सुविधा होने के बावजूद इसका लाभ लोगों को नहीं मिल सका। अस्पताल में एक्स-रे की मशीन तो है लेकिन टेक्नीशियन के मनमानी के कारण मशीन का उपयोग नहीं हो रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में छोटा एक्स रे मशीन है परंतु एक्स-रे कक्ष हमेशा बंद होने से अस्पताल आने वाले मरीज न सिर्फ एक्स-रे कराने भटकने के साथ सूरजपुर के चक्कर लगाने को मजबूर है। सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में घायल हुए मरीज का एक्स-रे नहीं होने तथा रिपोर्ट नहीं मिलने पर उपचार भी शुरू नहीं हो पाती जिससे मरीज सहित परिजन को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।




बंद एक्स-रे कक्ष।

### बंद रहता एक्स-रे कक्ष

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़ी संख्या में मरीज जांच व उपचार कराने आते है। इसमें कई मरीज ऐसे होते है जिनका उपचार एक्स-रे के बाद ही चिकित्सक रिपोर्ट के आधार पर शुरू करते है। ऐसे में जांच कराने के पश्चात जब भी मरीज एक्स-रे कराने जाते तो पता चलता कि एक्स-रे कक्ष बंद है। परिजन का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे की सुविधा तो है लेकिन एक्स-रे कक्ष हमेशा बंद रहता है जिससे निजी संस्था या जिला चिकित्सालय में एक्स-रे कराने के लिए जाना पड़ता है। ऐसे में 3 से 4 सौ रूपए का अनावश्यक बोझ पड़ता है।

### टीबी मरीज है परेशान

भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़ी संख्या में टीबी के मरीज आते है। जिनके लिए बलगम जांच के साथ एक्स-रे भी कराना अनिवार्य होता है। लेकिन एक्स-रे न होने से न केवल इलाज में देरी होती है बल्कि मरीज में संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### 15 दिनों से खराब है मशीन

भैयाथान सीएचसी की एक्स-रे मशीन पिछले 15 दिनों से खराब है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और इंजीनियरों के पहुंचते ही मशीन दुरुस्त कर सेवा बहाल कर दी जाएगी।

-राकेश सिंह
बीएमओ भैयाथान



## खदान के पास हादसों का जोन विधायक ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

महान-3 ओपन कास्ट कोयला खदान के समीप प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर आए दिन हादसे होते जा रहे हैं। सड़क के दोनों ओर खड़े भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। न सड़क दिखाई देती है, न नियमों का पालन तथा धूल डस्ट के मोटी चादर सड़क पर बिछी हुई। बरसात के कारण कीचड़ में तब्दील सड़क से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

- मौके का जायजा, थाना प्रभारी को दिए सख्त निर्देश

आज जब प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते अंबिकापुर से लौट रही थीं और खदान के पास पहुंचीं, तो वहां की स्थिति देखकर भड़क उठीं। चारों तरफ उड़ती धूल, धुंध से भरी सड़क, चेहरे पर कपड़ा बांधकर दोपहिया वाहन चालकों की लाचारी और सड़कों के दोनों किनारे ट्रकों की लंबी कतारें देख विधायक ने तत्काल खडगवां चौकी प्रभारी को मौके पर बुलाया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे इस तरह से ट्रक कतारबद्ध खड़े नहीं होने चाहिए। सड़क पर नियमित रूप से सुबह, दोपहर और शाम तीन बार पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल की समस्या से राहत मिले। साथ ही खदान प्रबंधन और ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को चेताया जाए कि भविष्य में इस तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से एसईसीएल प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि कोल परिवहन के नाम पर जनता की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अव्यवस्था और ट्रैफिक जाम से राहगीर परेशान हैं और एसईसीएल की जिम्मेदारी है कि वह अपनी गतिविधियों को अनुशासन में लाए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो एसईसीएल के खिलाफ उच्चस्तरीय शिकायत की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी विधायक के हस्तक्षेप का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि अब स्थिति में बदलाव जरूर आएगा।



### श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में सुभद्रा महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

**बिश्रामपुर।** नगर के श्री जगन्नाथ मंदिर से जुड़ी सुभद्रा महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा मंदिर प्रांगण में धूमधाम से सावन उत्सव का आयोजन किया गया,इसमें उत्कल समाज सहित अन्य समाज की महिलाएं एकत्रित हुईं,यहाँ पर सावन उत्सव के अवसर पर पारंपरिक हरे रंग की साड़ी पहन कर महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी,साथ ही गायन एवं ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति भी की गई।इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा सभी महिलाओं को सावन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सुभद्रा महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई समेत कोषाध्यक्ष अनुराधा प्रधान,मंजू स्वाइ,लक्ष्मी प्रधान,प्रियंका देहरी,नीलाद्री साहू,लक्ष्मी नायक, सुख ज्ञानी साहू,मीरा महापात्र,स्मिता कहर,प्रभासिनी नायक, दीपा सामंतराय, रीता प्रधान, निभा प्रधान, नर्मदा गोड़ व ममता यादव उपस्थित रहीं।

## अतिथि शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में वर्ष 2016 से अतिथि शिक्षक (विद्या मितान) द्वारा व्याख्याता की स्वीकृत पदों पर नियमित व्याख्याता समान अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं परंतु आज तक इन्हें नियमित नहीं किया गया है जिसकी मांग लगातार अपने स्तर किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में आज कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से मिलकर ज्ञापन सौंप अपनी मांग को रखा। जिस पर श्री नेताम ने आश्वासन दिया जो भी नियमानुसार सम्भव होगा उसे पूरा किया जाएगा। अतिथि शिक्षक संघ के जिला प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज स्थानीय सर्किट हाउस में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंप अपनी मांगों से अवगत कराया।



श्री नेताम ने बातों को ध्यान से सुनते हुए आश्वासन दिया कि आप सभी का कार्य सराहनीय है। आपकी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए यथा संभव नियमानुसार जो भी उचित हो उसे पूरा करने का कोशिश किया जाएगा। बता दे कि भाजपा सरकार द्वारा ही 2016 में सरगुजा एवं बस्तर में विद्या मितान को हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर एवं बीएड अहर्ता धारी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रखा गया था। बाद में पूरे प्रदेश में भी भर्ती की गई थी परंतु बच्चों का भविष्य बनाने वाले अतिथि शिक्षक अपने भविष्य के प्रति ससंकित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी नेता मंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों को रख रहे हैं।

## विधानसभा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए विधायक ने किया रुद्राभिषेक

**प्रतापपुर।** सावन के पावन महीना में बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पातालगंगा में रुद्राभिषेक कर विधि विधान से पूजन किए तथा प्रतापपुर विधानसभा की सुख समृद्धि और विकास की कामना की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि आनंद शुक्ला, मोहन पाण्डेय, अजीत शरण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, रामरतन गुप्ता, गुलाब मोहन तिवारी, सीबू सिंह, नीलम श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, विक्रम नामदेव सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।



## कोयला भविष्य निधि से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को उनके भविष्य निधि और पेंशन दावों के निपटारे में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से कोयला खान भविष्य निधि संगठन ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की है।संगठन ने 18 जुलाई को एक आधिकारिक आदेश जारी करते हुए भ्रष्टाचार और रिश्वत की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने हेतु हॉटलाइन नंबर की स्थापना की है।यह कदम उस समय उठाया गया है,जब विभिन्न क्षेत्रों से यह शिकायतें मिल रही थीं कि पीएफ और पेंशन क्लेम के मामलों में रिश्वत मांगी जाती है या अनावश्यक देरी की जाती है।अब यदि कोई भी कर्मचारी या हितग्राही किसी भी अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार या रिश्वत की मांग की जानकारी इस हॉटलाइन पर देता है,तो संबंधित क्षेत्रीय प्रमुख को प्राथमिकता के आधार पर उसी दिन दावे का निपटारा करना होगा।इसके लिए सभी क्षेत्रीय आयुक्तों, सहायक आयुक्तों को यह हॉटलाइन नंबर हितधारकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।सीएमपीएफओ ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वे अपने संगठन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह आदेश कोयला मंत्रालय के अधीन कार्यरत एमपीएफओ के आयुक्त कार्यालय धनबाद, झारखंड से क्षेत्रीय आयुक्त ग्रेविएंस एनके मिश्रा द्वारा जारी किया गया है।

## संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस पर मोंटफोर्ट स्कूल में संभाग स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन टीम सीआईएस सरगुजा द्वारा किया गया।

- सरगुजा संभाग के 106 खिलाड़ियों ने की भागीदारी

प्रतियोगिता में सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया और सूरजपुर जिले के 106 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय स्विस लीग पद्वति से 6 चक्रों में हुई। ओपन वर्ग में वरूण सोनी विजेता, रोहन गुप्ता उपविजेता, सहज सिंह तृतीय, 15 वर्ष आयु वर्ग में मनीष विश्वकर्मा विजेता, यश कुमार गुप्ता उप विजेता, 13 वर्ष आयु वर्ग में ऋषभ देव भगत विजेता, आदर्श वर्मा उप विजेता, 11 वर्ष आयु वर्ग में अमिल अहमद विजेता, अरूप कुमार रे उपविजेता, 9 वर्ष आयु वर्ग में आदित्य अग्रवाल विजेता, आरूष पाण्डेय उप विजेता रहे। इसी प्रकार बालिका ओपन वर्ग में प्रेरणा तिग्गा, 15 वर्ष आयु वर्ग में अदिति सिंह, 13 वर्ष आयु वर्ग में अनन्या रे, 11 वर्ष आयु वर्ग में आयशा बानो और 9 वर्ष आयु वर्ग में नायशा यादव विजेता रहे। विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल आर्बिटर प्रदीप कुमार मंडल सह निर्णायक अंजुम, सरोज शांडिल्य, वर्तिका तिवारी, सुनीता राजवाड़े, शशांक तिवारी और रविशंकर गुप्ता तकनीकी सहयोग विद्यालय की पीटीआई निर्मला यादव ने किया। पुरस्कार वितरण प्राचार्य ब्रदर सेवक गेब्रियल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने शतरंज को सबके बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण किट बताया। प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव सरोज वैष्णव ने कहा कि इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल पर होने चाहिए ताकि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता रहे। नेशनल इंस्ट्रक्टर शेष रतन जायसवाल ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते वर्चस्व पर प्रकाश डालते हुए इस तरह के आयोजन से आने वाले समय में सरगुजा से भी विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार होने की बात कही। विश्वनाथ मनियन ने नौनिहालों को शतरंज में उपलब्धियां हासिल करने के टीप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन विश्वास तिवारी ने और आभार प्रदर्शन योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया।



# अज्ञात बदमाशों ने मध्य रात्रि केंद्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर के घर घुसने का किया असफल प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर में एक के बाद एक हो रही सिलसिलेवार चोरीयों सहित चैन स्नेचिंग की घटनाओं से जहाँ एक ओर नगरवासियों की नींद हराम हैं वहीं दूसरी तरफ पुलिस के लिए घटना का खुलासा कर पाना अब तक चुनौती बनी हुई है।चोरों के एक संगठित गिरोह ने सोमवार की मध्य रात्रि केंद्रीय चिकित्सालय में पदस्थ डॉ निरंजन कुमार के घर में घुसने का असफल प्रयास किया है।घटना सोमवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आसपास की बताई गई है।बताया गया कि चिकित्सक और उनका परिवार खाना खाकर आराम कर रहा था, तभी रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे के करीब संगठित चोर गिरोह के चार से पांच सदस्य उनके टूए कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर सी 11 के पीछे एकत्रित होकर घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे,इसी बीच ड्यूटी से लौटकर भोजन करने घर पहुंचे एएसआई शशि शेखर तिवारी जो डॉ निरंजन के आवास के ऊपर प्रथम मंजिल के क्वार्टर में रहते हैं, उन्होंने मुंह हाथ धोने के लिए जब घर के पिछले हिस्से का दरवाजा खोला तो देखा कि चार पांच लड़के डॉ निरंजन कुमार के घर के पिछले हिस्से से उनके घर में घुसने का प्रयास कर रहे हैं, तब तत्काल उन्होंने शोर मचाया और उन्होंने इसकी सूचना तुरंत डॉ निरंजन सहित बिश्रामपुर थाना स्टॉफ को मोबाइल से दी।सूचना पर बिश्रामपुर थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई,लेकिन तब तक अज्ञात बदमाश मौके से भाग निकले,भागने के दौरान चोरों द्वारा दूसरे अन्य क्वार्टर से चुराए गए दो नग एल्यूमिनियम की खिड़की सहित एल्यूमिनियम के दरवाजा का पैनल मौके पर छोड़ गये जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है।मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध किशोर को रात्रि में घूमते हुए पाए जाने पर उसे पूछताछ के लिए पकड़कर बिश्रामपुर थाना लाई है।

- प्रथम तल में रह रहे पुलिस सहायक उप निरीक्षक के हल्ला करने पर सभी मौके से भागे
- रात्रि में संदिग्ध रूप से घूम रहे एक नाबालिक किशोर को पकड़कर पुलिस कर रही पूछताछ

### सीएम के ओएसडी के घर हुई चोरी की पहेली अब भी अनसुलझी

करीब दस दिवस पूर्व जीएम बंगला के निकट स्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री के ओएसडी रवि मिश्रा के सुने घर हुए नगदी सहित चांदी के जेवरात व मूर्ति चोरी मामले में पुलिस चोरों की धरपकड़ के लिए काफी सक्रिय है।इसके अलावा करीब एक माह पूर्व डीएवी की शिक्षिका नीलम पांडेय के साथ टूए कॉलोनी में इवनिंग वॉक के दौरान हुई चैन स्नेचिंग,कुम्दा कॉलोनी रोड में हुई महिला के साथ हुई चैन स्नैचिंग की घटना,बलरामपुर खदान में एक सप्ताह पूर्व हुए चार से पांच लाख के बेशकीमती केबल की सशस्त्र चोरी,गत 31 मई को केशवनगर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिखा बछाड़ के पुराने पंचायत भवन स्थित आवास में हुई नगदी व छह लाख के जेवरात की चोरी सहित थाना क्षेत्र में हुई कई चोरियों के मामले अब भी अनसुलझे हैं।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. आशीश कुमार जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ. हेमन्त कुमार बी<br>MBBS, DCH, DNB<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>MBBS, DNB Ortho<br>हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन |
| डॉ. मनोज भारती<br>MBBS, MS<br>हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ | डॉ. ओम प्रकाश पंडित<br>MBBS, DNB (Ortho) MNAMS<br>हड्डी रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. सोनल गार्डिया<br>MBBS, MS(General Surgeon)<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ. भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>MS, ENT | डॉ. नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. रोशन आरा<br>एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस | डॉ. हिमांशु गुप्ता<br>MD ONCO<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. संगिता भारती<br>चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ | डॉ. कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>MBBS, DCH मुंबई | डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |
| डॉ. राहूल शामकांत जाधव<br>एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट | डॉ. सुरभि<br>BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology)<br>दंत एवं मुख विशेषज्ञ |
| डॉ. आयुशी गुप्ता<br>न्युरो (पेन फिजिशियन) | डॉ. मीना राव<br>आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट |
| | डॉ. हेमलता साहू<br>फिजियोथैरेपी |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुश्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप



### विधायक ने किया जनपद कार्यालय का निरीक्षण

**राजपुर।** मंलगवार को विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर व सीढ़ियों में पसरी गंदगी को लेकर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही कार्यालय के छत में पानी जमा था। उन्होंने सीईओ को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने पानी निकासी करने का निर्देशित किया। वहीं उन्होंने जनपद में पदस्थ महिला कर्मचारियों द्वारा की गई शौचालय निर्माण की मांग को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बता दे कि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा विधायक बनने के पश्चात पहली बार राजपुर जनपद कार्यालय के निरीक्षण पर पहुंची थी। भ्रमण के दौरान उन्होंने गंदगी, पान गुटखा के धब्बे और छत पर पानी देखकर नाराज हो गई। इस अवसर में भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, जनपद सीईओ संजय दुबे, पंचायत निरीक्षक फुलमोहन राम, लेखपाल श्यामलाल गुप्ता, शोभना एक्का आदि मौजूद थे।

### अपोलो अस्पताल के किडनी व कैंसर रोग विशेषज्ञ 25 को करेंगे निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार और सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा व सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम के मार्गदर्शन में 25 जुलाई को अपोलो अस्पताल बिलासपुर के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अमोल पडेगावकर द्वारा मरीजों को निशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। साथ ही जिला चिकित्सालय द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी उपलब्ध रहेगी। शिविर में किडनी रोग से संबंधित सभी बीमारियों पथरी, किडनी फेल, डायलिसिस में रह रहे मरीज सभी प्रकार के मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर, प्रोस्टेट ग्रंथि कैंसर, बड़ी आंत का कैंसर, पेट का कैंसर इत्यादि के सम्बंध में परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस हेतु पंजीयन तय तिथि में ही जिला अस्पताल में ही सुनिश्चित किया जाएगा।

## बारिश में धराशाई हुए पेड़ों की आड़ में चली कटाई

# ऑफिसर्स कॉलोनी में यूकेलिप्टस पेड़ों की अवैध कटाई की शिकायत के बाद भागे लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- इलेक्ट्रानिक आरा मशीन लेकर पहुंचे थे तस्कर

एसईसीएल की कुमदा ऑफिसर्स कॉलोनी में तीन दिन पूर्व बारिश के दौरान जड़ समेत धराशाई हुए दो दर्जन से अधिक यूकेलिप्टस पेड़ों की सोमवार को दिनदहाड़े शुरू हुई अवैध कटाई होने की सूचना स्थानीय कर्मियों द्वारा तत्काल कंपनी के सीएमडी व क्षेत्रीय महाप्रबन्धक को दी गई जिसके भनक लगने पश्चात अवैध कटाई छोड़कर शान्तिनगर निवासी लकड़ी तस्कर व उसके सहयोगी मशीन सहित मौके से फरार हो गये। खदान क्षेत्र में पेड़ों की बड़े पैमाने पर हो रही अवैध कटाई व तस्करी होने से एसईसीएल कंपनी की छवि भी धूमिल हो रही है। इसमें कुछ तथाकथित कोल अधिकारी व क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी की भूमिका संदिग्ध बताई गई है। हालांकि कम्पनी प्रबंधन ने मामले का पूरा ठीकरा कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के ऊपर फोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण को बिश्रामपुर क्षेत्र से हटाने हेतु चिट्ठी कम्पनी मुख्यालय को भेज दी है जिसमें इनके बदले किसी अन्य सुरक्षा अधिकारी की बिश्रामपुर पोस्टिंग कराये जाने का उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त तथाकथित लकड़ी तस्कर के विरुद्ध बिश्रामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु कुम्दा सहक्षेत्र प्रबंधक को महाप्रबंधक द्वारा निर्देशित किया गया है।

गौरतलब है कि बीते गुरुवार की रात करीब आठ बजे एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की कुमदा कालोनी में बारिश के साथ चली तेज हवाओं की चपेट में आने से ऑफिसर्स कॉलोनी में दो दर्जन से अधिक बड़े आकार के यूकेलिप्टस के पेड़ जड़ समेत धराशाई हो गए।ऐसे में ऑफिसर्स कॉलोनी के कई आवासों की छत व दीवार पर पेड़ों के गिरने से काफी नुकसान भी हुआ।यहाँ पर कॉलोनी के सामने पार्कनुमा मैदान में लगें कई पेड़ गिरने से कालोनी के एक तरफ का मार्ग भी बाधित हो गया था,वहीं पेड़ गिरने के दौरान विद्युत खंबे और सप्लाई तार के चपेट में आने से कॉलोनी की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।




ऑफिसर्स कॉलोनी में काटे गए यूकेलिप्टस के पेड़।

### शिकायत होने के बाद सक्रिय हुई कुम्दा सहक्षेत्र प्रबंधन की टीम

कुमदा कालोनी स्थित ऑफीसर्स कालोनी में जड़ सहित धराशाई हुए पेड़ो की सोमवार को शिवनन्दनपुर शान्तिनगर निवासी लकड़ी तस्कर द्वारा अपने सहयोगियों की मदद से दिनदहाड़े मशीन लगाकर पेड़ो की अवैध कटाई शुरू करा दी गई, जिसकी जानकारी पर्यावरण प्रेमी व स्थानीय कोल कर्मियों ने तत्काल एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन और क्षेत्रीय महाप्रबन्धक डॉ संजय सिंह को सप्रमाण दी गई एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।इसके बाद कुमदा सहक्षेत्रीय प्रबन्धन के तत्काल हरकत में आने पर अवैध कटाई करा रहे लकड़ी तस्कर व उसके सहयोगी हड़बड़ी में पेड़ काटने वाली मशीन लेकर मौके से भाग खड़े हुए।

### क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी की लापरवाही

हमारी प्राथमिकता बंद पड़ी खदानों को पुनः शुरू कराना व भूमि विस्तार क्लियरेन्स कराकर कोल उत्पादन में बढ़ोत्तरी कराने पर जोर देना है। अन्य अवैध गतिविधियों को चेक करने के लिए क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति है जिनकी भूमिका संदिग्ध दिख रही है इस कारण से वर्तमान क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को हटाकर किसी अन्य सुरक्षा अधिकारी की पोस्टिंग बिश्रामपुर में कराने हेतु कम्पनी मुख्यालय को चिट्ठी भेजी गई है। साथ ही कुम्दा सहक्षेत्र प्रबंधक को लकड़ी तस्करों के विरुद्ध बिश्रामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दे दिया गया है।

- डॉ संजय सिंह
क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बिश्रामपुर क्षेत्र



# पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को झोंकाः मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कांग्रेस के आर्थिक नाकेबंदी प्रदर्शन पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक व्यक्ति को लेकर पूरे प्रदेश की जनता को बेवजह परेशान कर रही है। प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर अनिल सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन सिह, रूपेश दुबे प्रमुख रूप से मौजूद थे।

पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है। मिंज ने कहा हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया। और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। श्री मिंज ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री मिंज ने कहा कि भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह जी की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था। श्री मिंज ने कहा कि 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त दो बड़ी खदानों गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी। 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था। श्री मिंज ने कहा कि भाजपा कांग्रेस से सवाल करती है कि क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफ़ी मांगेंगे।

# सरपंच संघ ने प्रभारी सीईओ को हटाने कलेक्टर एवं जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- लगाया मनमानी, अभद्रता और वित्तीय दबाव का आरोप, प्रभार नहीं बदलने पर दी आंदोलन की चेतावनी

जनपद पंचायत प्रतापपुर में पंचायत प्रतिनिधियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। सरपंच संघ ने वर्तमान प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नृपेन्द्र सिंह के विरुद्ध कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल स्थानांतरण की मांग की है। सरपंच संघ ने प्रशासनिक अराजकता, सरपंचों की उपेक्षा, मनमानी, वित्तीय दबाव और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

कलेक्टर एवं जिपं सीईओ को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि डॉ. नृपेन्द्र सिंह पशुपालन विभाग के अधिकारी हैं और पंचायत व्यवस्था की समुचित जानकारी न होने के कारण ग्राम स्तर की योजनाओं और क्रियान्वयन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। सरपंचों का आरोप है कि डॉ. सिंह ने पदस्थापन के बाद से आज तक एक भी सरपंच बैठक आयोजित नहीं की है, जिससे शासकीय योजनाओं की जानकारी गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। सरपंचों का आरोप है कि पंचायतों द्वारा 15वें वित्त आयोग की राशि से पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों के भुगतान में सीईओ अनावश्यक अड़ंगे डाल रहे हैं। वे यह निर्देश देते हैं कि भुगतान से पहले उनकी अनुमति आवश्यक है, जबकि पंचायत राज अधिनियम में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। यहां तक कि ग्राम पंचायत खातों में सीधे प्रतिबंध लगाकर भुगतान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सरपंच संघ ने यह भी बताया कि पंचायत सचिवों के स्थानांतरण में भारी मनमानी की गई है। कुछ सचिवों को चुनाव से पूर्व ही हटा दिया गया और अब पुनः स्थानांतरण कर दिया गया। डॉ. सिंह ने अपने पसंदीदा सचिवों को तीन-तीन पंचायतों का प्रभार सौंप कर पंचायत संचालन को असंतुलित कर दिया है। साथ ही सरपंच संघ ने शासन से नियुक्त अधिकारी जय गोविन्द गुप्ता को प्रतापपुर जनपद का कार्यभार सौंपे जाने की मांग की जिससे पंचायत व्यवस्था सामान्य हो सके और ग्राम विकास की रफ्तार को पुनः गति मिल सके। सरपंच संघ ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में डॉ. नृपेन्द्र सिंह को हटाकर नया सीईओ नहीं नियुक्त की गई तो जनप्रतिनिधि सड़क पर आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिव प्रसाद सिंह, लालमति, त्रिभुवन सिंह, अनिता, रूद्र प्रसाद, कृष्ण सिंह, सोनू सिंह, रीता, राम प्रसाद सहित विकासखंड के अन्य सरपंच मौजूद रहे।




### सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** पति के साथ मजदूरी कर घर आ रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। पंडरा पाठ अंतर्गत ग्राम दतलगवा निवासी सांझो बाई पति राकेश कोरवा (60 वर्ष) 19 जुलाई की शाम पति के साथ मजदूरी कर पैदल घर आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन संजीवनी 108 से बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।







### वाहन की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** दूसरे घर में मवेशी बांधने जा रहे वृद्ध को वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बगडोल निवासी खोरा (70 वर्ष) गत दिन शाम को अपने दूसरे घर में मवेशी को बांधने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन संजीवनी 108 से रायपुर लेकर जा रहे थे तभी उदयपुर के समीप घायल की हालत काफी बिगड़ गई। परिजन उसे पुनः मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# बिरहोर परिवार के गृह प्रवेश में पहुंचे वित्त मंत्री



**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी लैलूंगा प्रवास के दौरान कुर्रा गांव में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के बिरहोर परिवारों के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने सुकनी बिरहोर के पीएम आवास का गृह प्रवेश कराया और नए मकान की पूरे परिवार को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवार के नन्हें बच्चे दिलीप बिरहोर से ही गृह प्रवेश का फीता कटवाया।

इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने कुर्रा में चौपाल लगा कर बिरहोर समुदाय के परिवारों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। पीएम जनमन योजना के तहत परिवारों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। रायगढ़ में रह रहे बिरहोर परिवारों के लिए पीएम आवास का निर्माण प्राथमिकता से किया गया है। इसी तरह शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से भी उन्हें जोड़ा जा रहा है। मुलाकात के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बिरहोर परिवारों से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में चर्चा की। उपस्थित लोगों ने सीसी रोड, सोलर स्ट्रीट लाइट के साथ ही पानी की उपलब्धता के लिए सुविधाओं को बढ़ाने की बात रखी। सामुदायिक भवन निर्माण की मांग भी की गई। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को बिरहोर परिवारों के आवश्यकता अनुरूप सुविधाओं का प्राथमिकता से विस्तार करने के निर्देश दिए।

